# हिन्दी (सामान्य) 2015

समय : 3 घण्टे | कक्षा : 12वीं | पूर्णांक : 100

निर्देश- ( i ) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सर्वप्रथम हल कीजिये। ( ii ) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिये 1-1 अंक है कुल 5 × 5 = 25 अंक निर्धारित हैं। ( iii ) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए दो-दो अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द। ( iv ) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिये 3-3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 से 75 शब्द। ( v ) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिये 4-4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 75 से 120 शब्द। ( vi ) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5-5 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 120 से 150 शब्द। ( vii ) प्रश्न क्रमांक 28 के लिये ( 7 + 3 ) 10 अंक निर्धारित हैं शब्द सीमा 200 से 250 शब्द

प्रश्न 1. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- (5 × 1 = 5)

(i) उद्यान में .............. उड़ रहा था। (अलि/अली)

(ii) बल और बुद्धि का वही संबंध है जो देह और ............ है। (प्राण/आँख)

(iii) 'नर से नारायण' पाठ .............. विधा है। (निबंध/संस्मरण)

(iv) सूर के बालकृष्ण में .............. की अभिलाषा का चित्रण है। (माँ देवकी/माँ यशोदा)

(v) चिंतामणि निबंध संग्रह के लेखक ............ हैं। (बाबू गुलाबराय/आचार्य रामचन्द्र शुक्ल)

प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प चुनिये- (5 × 1 = 5)

(i) 'क्षति' शब्द का सही अर्थ है-

(अ) पृथ्वी (ब) गिरना (स) हानि (द) पड़ना

(ii) अव्ययी भाव समास का उदाहरण हैं-

(अ) भाई-बहन (ब) यथाशक्ति (स) सत्याग्रह (द) रसोई घर

(iii) लेखक को कस्तूरबा के प्रथम दर्शन कब हुए-
(अ) 1914 (ब) 1917 (स) 1925 (द) 1915

(iv) 'यशोधरा की व्यथा' कविता संबोधित हैं-
(अ) पति (ब) प्रभु (स) सखि (द) पुत्र

(v) 'जलज' का अर्थ है-
(अ) कमल (ब) धुंआ (स) बादल (द) जल

प्रश्न 3. निम्नलिखित कथनों में से सत्य/असत्य का चयन कीजिए- (5 × 1 = 5)
(i) द्वन्द्व समास में दूसरे पद की प्रधानता होती है।
(ii) संक्षेपण में किसी प्रकार की टीका टिप्पणी करना अनिवार्य हैं।
(iii) पुस्तकों का जलना विश्व धरोहर को नष्ट करने के तुल्य हैं।
(iv) कवि माँ से वरदान की अपेक्षा करता है।
(v) भिखारी बच्चों की माँ अमरावती जेल में बंद थी।

प्रश्न 4. स्तंभ 'क' का स्तंभ 'ख' से मिलान कर सही जोड़ी बनाइये- (5 × 1 = 5)

| 'क' | | 'ख' |
|---|---|---|
| (i) बीमार का इलाज | - | आ. विनय मोहन शर्मा. |
| (ii) दक्षिण भारत की एक झलक | - | गोपाल सिंह 'नेपाली' |
| (iii) हिमालय और हम | - | उदय शंकर 'भट्ट' |
| (iv) हम कहाँ जा रहे हैं | - | सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' |
| (v) जागो फिर एक बार | - | सुदर्शन 'प्रियदर्शिनी' |

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिये- (5 × 1 = 5)
(i) गाँधीजी के अनुसार ईश प्रार्थना का सबसे उपयुक्त समय क्या है?
(ii) सज्जनों के प्रेम की क्या विशेषता हैं?
(iii) हिमालय पर्वत से कौन सी पवित्र नदी निकलती हैं।
(iv) अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं?
(v) 'तकनीकी' शब्द अंग्रेजी के किस शब्द का हिन्दी पर्याय हैं?

प्रश्न 6. कन्या कुमारी में कौन-कौन से समुद्रों का मिलन होता है? 2
(अथवा) स्वतंत्रता के पश्चात् भारत के विकास के लिये किस प्रकार की योजनाये बनाई गईं।

प्रश्न 7. बल का उपयोग विवेक का साथ क्यों करना चाहिए? 2
(अथवा) रोग ग्रस्त महिला को देखकर डॉक्टर की आँख में चमक सी क्यों आ गई?

प्रश्न 8. निबंध रचना की प्रमुख चार शैलियों के नाम लिखिये। 2
(अथवा) हिन्दी निबंध साहित्य के विकास को कितने भागों में विभाजित किया गया है?

प्रश्न 9. निबंध किसे कहते है? कोई एक भारतीय विद्वान की परिभाषा लिखिये। 2
(अथवा) निबंध का अर्थ बताते हुए किसी एक पाश्चात्य विद्वान की परिभाषा लिखिये।

प्रश्न 10. निम्नलिखित शब्दों के 2-2 पर्यायवाची शब्द लिखिये- 2
(i) अश्व (ii) कुसुम
(अथवा) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिये-
(i) तुम्हारे बाहर जाते ही वह सो गया। (संयुक्त वाक्य)
(ii) मयूर वन में नाचता हैं। (इच्छार्थक)

प्रश्न 11. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिये- 2
(i) सूरज को दीपक दिखाना
(ii) सिर पर कफन बांधना

HSC.co.in

(अथवा) निम्नलिखित का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिये-
(i) कनक लता (ii) नीलकण्ठ

प्रश्न 12. निम्नलिखित शब्द युग्मों का अर्थ बताते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिये- 2
(i) उत्तर-उतर (ii) ग्रह-गृह

(अथवा) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिये-
(i) हमें गुरु के ऊपर श्रद्धा रखना चाहिए।
(ii) अंगूरों का पुंज दुकान पर टंगा है।

प्रश्न 13. निम्नलिखित का भाव पल्लवन कीजिये- 2
'पर उपदेश कुसल बहुतेरे'

(अथवा) निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ सहित वाक्यों में प्रयोग कीजिये-
(i) हाथ कंगन को आरसी क्या
(ii) जैसे नागनाथ वैसे साँपनाथ

प्रश्न 14. कोई चार तकनीकी शब्द लिखिये। 2

(अथवा) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिये-
(i) सत्संगति (ii) अनुकूल

प्रश्न 15. निम्नलिखित भिन्नार्थक समोच्चारित शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिये- 2
तरणी - तरणि, सुत - सूत

(अथवा) निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो अलग-अलग अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिये-
कनक - गुरु

प्रश्न 16. रहीम कवि के अनुसार सच्चे मित्र की तीन विशेषताएँ लिखिये। 3

(अथवा) हिमालय की तीन विशेषताएँ लिखिये।

प्रश्न 17. 'उल्टे बाँस बरेली को' कवि ने किस संदर्भ में कहा है? 3

(अथवा) कवि माँ से क्या कामना करता है?

प्रश्न 18. 'यशोधरा की व्यथा' कविता में शरद ताप किसका सूचक है? 3

(अथवा) मेष माता तप्त आँसू क्यों बहाती है?

प्रश्न 19. वर्षा न होने के कारण लेखक ने अपनी वेदना को किस प्रकार व्यक्त किया है? 3

(अथवा) सिरचन ने मानू को उपहार में क्या दिया था?

प्रश्न 20. शरीरबल और आत्मबल में लेखक ने किसे श्रेष्ठ कहा है? 3

(अथवा) हौम्यो पैथी के प्रति विश्वास किसे था और क्यों?

प्रश्न 21. लेखिका को सबसे छोटे लड़के पर दया क्यों आई? 3

(अथवा) मंत्रीजी उदास क्यो थे?

प्रश्न 22. बाल कृष्ण को देखकर माता यशोदा के हृदय में कौन-कौन सी अभिलाषायें जागी हैं? 4

(अथवा) शिवाजी के युद्ध अभियान का वर्णन कीजिये।

प्रश्न 23. गाँधीजी का 'आधी शिक्षा' से क्या अभिप्राय था? 4

(अथवा) बदलते आदर्शों के इस युग में कस्तूरबा के प्रति श्रद्धा प्रकट कर किस बात का प्रमाण दिया गया है?

प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिये- 4
देनहार कोई और है, भेजत सो दिन रैन
लोग भरम हम पै धरै, याते नीचे नैन।

HSC.co.in

(अथवा) माँ बस यह वरदान चाहिए।
जीवन-पथ जो कंटक मय हो,
विपदाओं का घोर वलय हो,
किन्तु कामना एक यही बस,
प्रतिपल पग गतिमान चाहिए।

प्रश्न 25. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये-

अनुशासन की पहली पाठशाला है- परिवार। बच्चा अपने परिवार में जैसा देखता है, वैसा ही आचरण करता है। जो माता-पिता अपने बच्चों को अनुशासन मे देखना चाहते हैं वे पहले स्वयं अनुशासन में रहते हैं। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का होना अत्यंत आवश्यक है। जो विद्यार्थी आकर्षणों से भरी जिंदगी को अनुशासित कर लेते हैं, वे सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ते चले जाते हैं। अनुशासन के बल पर ही छात्र अपने समय का सही उपयोग कर सकता है। निश्चित समय पर उठना, व्यायाम करना, भोजन करना, पढ़ाई करना और शयन करना इन नियमों का पालन कर वह अपने जीवन में अनेक ऊँचाईयों को प्राप्त कर सकता है।

प्रश्न-

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये। 1

(ii) माता-पिता का क्या कर्तव्य है? 1

(iii) जीवन में ऊँचाइयों को प्राप्त करने के लिये छात्र को क्या करना चाहिए। 1

(iv) गद्यांश का सारांश 30 शब्दों में लिखिये। 2

प्रश्न 26. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये-

देश प्रेम के ओ मतवालों! उनको भूलन जाना
महाप्रलय की अग्नि साथ लेकर जो जग में आए
विश्व बली शासन के भय जिनके आगे मुरझाए
चले गए जो शीश चढ़ाकर, अर्घ्य लिये प्राणों का
चलें मजारों पर हम उनके आज प्रदीप जलाएं।

प्रश्न-

(i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

(ii) यह कविता किसे संबोधित की गई है। 1

(iii) कवि किनको न भूलने की बात कह रहा है। 1

(iv) पद्यांश का भावार्थ लिखिये। 2

प्रश्न 27. हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिये। 5

(अथवा) आपके मोहल्ले में चोरी की घटनाओं में वृद्धि हो रही है, सूचित करते हुए नगर पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखिये।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिये- 7

प्रश्न-

(i) बेटी बचाओ अभियान

(ii) जल ही जीवन है

(iii) पॉलिथीन के दुष्प्रभाव

(iv) इण्टरनेट-आज के जीवन की आवश्यकता

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिये- 3

(i) आलस्य: मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु

(ii) बेरोजगारी की समस्या

(iii) नारी शिक्षा का महत्व

(iv) समाचार पत्र।